# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 27.06.2025

**1.थाना सूरजपुर पुलिस द्वारा GRINDR GAY DATING APP के माध्यम से लोगो से दोस्ती कर उनके साथ मारपीट कर लूटपाट करने व यूपीआई के माध्यम से पैसा ट्रांसफर करने वाले 06 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार, लूटे गये 19,500 रुपये नगद व अवैध शस्त्र बरामद।**

**कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 27.06.2025** को थाना सूरजपुर पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व बीट पुलिसिंग की सहायता से GRINDR GAY DATING APP के माध्यम से लोगो से दोस्ती कर उनके साथ मारपीट कर लूटपाट करने व यूपीआई के माध्यम से पैसा ट्रांसफर करने वाले 06 अभियुक्त 1.विशाल पुत्र बाबूलाल 2.शिवम पुत्र दलवीर सिंह 3.यश पुत्र दलवीर सिंह 4.मोहित सिंह सोलंकी पुत्र धीरेन्द्र सिंह 5.अमन पुत्र विनीत निवासी पियावली, थाना दादरी, गौतमबुद्धनगर 6.सूरज पुत्र जयवीर सिंह निवासी खटाना वीरखेडा, गौतमबुद्धनगर को 130 मीटर रोड़, ग्रेटर नोएडा थाना सूरजपुर क्षेत्र से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से लूटे गये सम्बन्धित 19,500 रुपये नगद, दो अवैध तमंचे .315 बोर मय 02 जिंदा कारतूस .315 बोर, घटना में प्रयुक्त 01 हुंडई ओरा कार बिना नम्बर प्लेट, घटना में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन व 02 अवैध चाकू बरामद हुए है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण--** भियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है जो GRINDR GAY DATING APP के माध्यम से लोगो से दोस्ती कर उनको विश्वास में लेकर उन्हे मिलने के लिए बुलाते है तथा उनके साथ मारपीट कर पैसे व मोबाइल फोन आदि छीनकर यूपीआई के माध्यम से ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर कर लेते है, फिर उस व्यक्ति को डरा धमकाकर भगा देते है। अभियुक्त अमन व सूरज ट्रांसफर किए गए पैसों को कमीशन लेकर देते थे।

अभियुक्तों द्वारा थाना सूरजपुर क्षेत्र के वादी/पीड़ित से GRINDR GAY DATING APP के माध्यम से दोस्ती कर दिनांक 19.06.2025 को मिलने के लिए रुपबास तिराहे पर बुलाया गया था तथा कार में बैठाकर उसके साथ मारपीट करते हुए उससे उसका मोबाइल फोन छीनकर यूपीआई के माध्यम से रुपये ट्रान्सफर कर लिये गये थे एवं उसका मोबाइल फोन रास्ते में फेंक दिया गया था। पीड़ित द्वारा इस घटना के सम्बन्ध में थाना सूरजपुर मु0अ0सं0-370/2025 धारा 309(6) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत कराया गया गया था।

इसी क्रम में अभियुक्तों द्वारा एक और व्यक्ति से भी GRINDR GAY DATING APP के माध्यम से दोस्ती कर दिनांक 25.06.2025 को मिलने के लिए मिग्सन ग्रीन सोसाइटी के बाहर बुलाकर तथा कार में बैठाकर उसके साथ मारपीट करते हुए उससे उसका मोबाइल फोन छीनकर उसके मोबाईल फोन से जबरदस्ती रुपये ट्रांसफर करा लिये गये थे एवं पीडित का मोबाइल रास्ते में फेंक दिया गया था उक्त घटना के सम्बन्ध में पीडित द्वारा थाना सूरजपुर पर मु0अ0सं0- 371/2025 धारा 390(6) बीएनएस पंजीकृत कराया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण--**

1. विशाल पुत्र बाबूलाल निवासी थाना दादरी, गौतमबुद्धनगर उम्र 21 वर्ष।
2. शिवम पुत्र दलवीर सिंह निवासी ग्राम नया बांस, थाना गोण्डा, जिला अलीगढ वर्तमान पता कस्बा व थाना दादरी, गौतमबुद्धनगर उम्र करीब 19 वर्ष।

3. यश पुत्र दलवीर सिंह निवासी ग्राम नया बांस थाना गोण्डा जिला अलीगढ़ वर्तमान पता कस्बा व थाना दादरी, गौतमबुद्धनगर उम्र करीब 21 वर्ष।
4. मोहित सिंह सोलंकी पुत्र धीरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम धूममानिकपुर, थाना बादलपुर, जिला गौतमबुद्धनगर उम्र 19 वर्ष।
5. अमन पुत्र विनीत निवासी पियावली, थाना दादरी, गौतमबुद्धनगर।
6. सूरज पुत्र जयवीर सिंह निवासी खटाना वीरखेडा, गौतमबुद्धनगर।

**पंजीकृत अभियोग/आपराधिक इतिहास का विवरण--**

1. मु0अ0सं0-370/2025 धारा 309(6)/317(2)/61(2) बीएनएस थाना सूरजपुर, गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0-371/2025 धारा 309(6)/317(2)/61(2)/324(4) बीएनएस थाना सूरजपुर, गौतमबुद्धनगर।
3. मु0अ0सं0-374/2025 धारा 3/4/25 आर्म्स एक्ट थाना सूरजपुर, गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरण--**

1. लूटे गये 19,500 रुपये नगद बरामद।
2. अभियुक्त विशाल व यश के कब्जे से 02 अवैध तमंचे .315 बोर मय 02 जिंदा कारतूस .315 बोर
3. अभियुक्त शिवम व मोहित के कब्जे से 02 अवैध चाकू।
4. घटना में प्रयुक्त हुंडई ओरा कार बिना नम्बर
5. घटना में प्रयुक्त अभियुक्त मोहित का मोबाइल फोन वीवो कम्पनी